



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

मई–2022

*अन्दर के पृष्ठों पर........*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## विशेषज्ञतापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो द्वारा कानून व्यवस्था, मेलों, अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण इत्यादि अवसरों पर सीसीटीवी अधिष्ठापन एवं संचालन का कार्य किया जाता रहा है। ऐसे अवसरों पर प्रणाली के निर्बाध एवं भरोसेमन्द अधिष्ठापन एवं संचालन हेतु प्रशिक्षित एवं दक्ष स्टाफ की माँग सम्बन्धित जनपदीय अधिकारियों द्वारा की जाती है। सीसीटीवी प्रणाली यद्यपि नयी नहीं है किन्तु विभागीय कार्मिकों को इसके सहवर्ती उपकरणों के सम्बन्ध में समय–समय पर अद्यतन जानकारी दिये जाने की आवश्यकता महसूस की जाती है।

विभागीय कार्यों में दक्षता एवं कार्मिकों के तकनीकी ज्ञान में अभिवृद्धि सुनिश्चित किये जाने हेतु उपलब्ध स्टाफ को सीसीटीवी कार्यों के सम्बन्ध में प्रशिक्षित करने हेतु 03 दिवसीय सीसीटीवी कोर्स उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांकः 20.04.2022 से प्रत्येक सप्ताह (बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को) आयोजित किये जा रहे हैं।

प्रशिक्षण में सभी की पर्याप्त सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक ज़ोन से 4–4 तथा रेडियो मुख्यालय से सभी उपमहानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार) के पर्यवेक्षण क्षेत्र से 1–1 कार्मिक सम्मिलित किये जा रहे हैं। सीसीटीवी प्रशिक्षण के दो बैच सम्पन्न हो चुके हैं जिनमें 71 कार्मिक प्रशिक्षित किये जा चुके हैं।

प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसायिक रुप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से सैद्धांतिक विषयों में मुख्य रुप से PTZ/IP CCTV Camera and it's Components, DVR, HDD, Monitor, Power Supply, Mouse, Cables & Connecters एवं प्रायोगिक विषयों में CCTV Installation, DVR Installation, Maintenance, Analytics इत्यादि विषय सम्मिलित किये गये हैं।





न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 उप राष्ट्रपति, भारत सरकार | |
| 16.04.2022 | वाराणसी, चन्दौली |
| 15.04.2022 | वाराणसी, अयोध्या |
| 14.04.2022 | लखनऊ |
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 21–22.04.2022 | वाराणसी |
| मा0 प्रधान मंत्री, मॉरीशस | |
| 20–21.04.2022 | वाराणसी |
| मा0 प्रधान मंत्री, नेपाल | |
| 03.04.2022 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 28/30.04.2022 | सहारनपुर |
| 29.04.2022 | शामली |
| 22.04.2022 | वाराणसी |
| 16.04.2022 | |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 28–29.04.2022 | गोरखपुर |
| 22.04.2022 | वाराणसी, गोरखपुर |
| 21.04.2022 | वाराणसी |
| 16–17.04.2022 | गोरखपुर |
| 08–09.04.2022 | गोरखपुर |
| 04–05.04.2022 | गोरखपुर |
| 02–03.04.2022 | वाराणसी |
| 01.04.2022 | बलरामपुर |

- जनपद चित्रकूटः दिनांक 31.03.2022 से 02.04.2022 तक सम्पन्न अमावस्या मेला के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

- जनपद बलरामपुरः दिनांक 02.04.2022 से देवीपाटन मन्दिर, तुलसीपुर में सम्पन्न चैत्र रामनवमी के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

- जनपद हमीरपुरः दिनांक 10/11.04.2022 को समय लगभग 0245 बजे रेलवे क्रासिंग सुमेरपुर पर एक ट्रक पलट जाने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/4356, मदुराम द्वारा त्वरित कार्यवाही कराते हुए समय से अस्पताल भिजवाकर घायलों की जान बचाई गयी।

- जनपद हमीरपुरः दिनांक 10.04.2022 को समय लगभग 2133 बजे ग्राम न्यूरिया, थाना विवार में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/4441, समरजीत द्वारा त्वरित गति से सर्वसम्बन्धित को सूचित कर कार्यवाही करायी। परिणामस्वरूप, 02 बदमाशों को मौके पर गिरफ्तार किया जा सका।

- जनपद प्रयागराजः दिनांक 05.04.2022 को पीएसओ, मा0 न्यायमूर्ति, श्री शलभ श्रीवास्तव द्वारा समय 1520 बजे टैक्सी नम्बर यूपी70एटी 7305 में बैठे यात्रियों द्वारा बदतमीजी किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/5557, सत्येन्द्र कुमार द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए उक्त वाहन को पकड़वाया गया, जिसकी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यन्त सराहना की गयी।

## विभाग का प्रस्तुतीकरण

- शासन के निदेशानुसार उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो द्वारा 100 दिन, 06 माह, 01 वर्ष, 02 वर्ष एवं 03 वर्ष में किये जाने वाले कार्यों से सम्बन्धित पॉवर प्वाइण्ट प्रस्तुतीकरण तैयार किया गया जिसे अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा शासन के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2022 दिनांक 20.04.2022 द्वारा अच्छी कार्य संस्कृति के विकास के दृष्टिगत, शासन द्वारा सामान्य प्रशासन अनुभाग–3 के पत्र संख्या:3–1099/854/2019–1 दिनांक 18.04.2022 द्वारा कार्यालयों में समयबद्धता का अनुपालन किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुसार, समय से कार्यालय में उपस्थित होने हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष (लखनऊ में नियुक्त) को निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें के पत्र संख्याः टीएस–मिस–कान्फ्रेन्स–01/22 दिनांक 07.03.2022 द्वारा पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षकों की बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्याः 27 (All agencies should take necessary steps to ensure security of Government data) में की गयी अपेक्षा के क्रम में जनपदों के समस्त थानों/कार्यालयों को विभागीय कार्य हेतु प्रयोग में लाये जा रहे समस्त कम्प्यूटर तथा ई–मेल एवं विभिन्न एप्प के संचालन में सावधानियाँ बरते जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ, पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः टीएस–सीससीटीएनएस–101/2021 (सीआईएसओ) दिनांक 09.03.2022 द्वारा विभागीय वेबसाइट एवं वेब पोर्टल, वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन एवं नेटवर्किंग इन्फ्रास्ट्रेक्चर आदि की सुरक्षा के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या:857/6–पु–15/2021 दिनांक 22.09.2021 द्वारा की गयी अपेक्षा के क्रम में निर्धारित सिक्योरिटी ऑडिट गाइड लाइन के अनुसार सुरक्षा किये जाने हेतु व पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश को अवगत कराये जाने हेतु समस्त पुलिस आयुक्त, समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक–समस्त इकाई, उत्तर प्रदेश एवं समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, रेलवे उत्तर प्रदेश को निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एफ–391/2022 (बाढ़) दिनांक 13.04.2022 द्वारा बाढ़ नियंत्रण हेतु प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन, उ0प्र0 शासन के अर्द्ध0शा0 पत्र संख्याः 288/2022–27–सिं–2–5 बाढ़/12 दिनांक 30.03.2022 द्वारा की गयी अपेक्षानुसार दिनांक 01.06.2022 से 31.10.2022 तक की अवधि के लिये प्रदेश के 113 स्थानों पर आरटी सेट अधिष्ठापन कराये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किये जाने हेतु समस्त पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र (प्रयागराज/कानपुर को छोड़कर) से अनुरोध किया गया है। मण्डलवार अधिष्ठापित किये जाने वाले बेतार केन्द्रों की संख्या निम्न प्रकार है–

| क्र0 | मण्डल | बेतार केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सहारनपुर | 03 |
| 2. | मेरठ | 04 |
| 3. | अलीगढ़ | 02 |
| 4. | आगरा | 03 |
| 5. | मुरादाबाद | 08 |
| 6. | बरेली | 07 |
| 7. | लखनऊ | 12 |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | झाँसी | 19 |
| 9. | चित्रकूटधाम | 11 |
| 10. | अयोध्या | 03 |
| 11. | देवीपाटन | 07 |
| 12. | बस्ती | 06 |
| 13. | गोरखपुर | 08 |
| 14. | आजमगढ़ | 03 |
| 15. | वाराणसी | 08 |
| 16. | मिर्जापुर | 09 |

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एआरओएम–7(एच/डी)2021 दिनांक 08.03.2022 द्वारा जनपदों में प्रयोग किये जा रहे स्टैटिक/मोबाइल सेटों के प्रयोगार्थ, विधान सभा चुनाव–2022 हेतु, प्रयागराज को माघ मेला प्रयागराज हेतु अस्थायी रूप से उपलब्ध करायी गयी 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्रियाँ एवं रेडियो मुख्यालय, लखनऊ में उपलब्ध 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्रियों को जनपदों की देयता/उपलब्धता के आधार पर कुल 2607 बैट्रियों को प्रदेश के सभी 75 जनपदों को स्थायी रूप से आवंटित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अप्रैल–2022 में 128 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## पदोन्नति

- शासनादेश संख्याः544/6–पु–1–22–1300(32)/88 टीसी–1 दिनांक 04.03.2022 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग के निम्न रेडियो निरीक्षकों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से सहायक रेडियो अधिकारी (वेतन बैण्ड 15,600–39,100, ग्रेड पे रु0 5400/–, लेवल–10) के रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. मुकेश कुमार दुबे, 2. सतेन्द्र सिंह, 3. वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं 4. भारत सिंह सेंगर।
- अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के पत्र संख्याः डीजी–दो–अ–56 (ए0आर0ओ0–स्था0) 2018–2022 दिनांक 14.04.2022 के अनुपालन क्रम में राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः ओ–62/2014 दिनांक 15.04.2022 द्वारा निम्नानुसार रेडियो निरीक्षकों को सहायक रेडियो अधिकारी के पद पर स्थानान्तरित/नियुक्ति प्रदान की गयी है– 1. श्री सत्येन्द्र सिंह, कानपुर देहात से गोण्डा, 2. श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा, जालौन से सहारनपुर, 3. श्री भारत सिंह सेंगर, फतेहपुर से अयोध्या एवं 4. श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला, अयोध्या से रेडियो मुख्यालय, लखनऊ सम्बद्ध यूपी–112।
- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–755/2021 दिनांक 01.04.2022 द्वारा निम्न 07 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 310/विजय कान्त यादव, वाराणसी, 2. 1032/शिव शंकर राम, संत रविदास नगर, 3. 1523/लाल सिंह, झाँसी, 4. 1058/अनिल कुमार सिंह, जौनपुर, 5. 1474/सत्य प्रकाश निम, 15वीं वाहिनी पीएसी, आगरा, 6. 1392/अनूप कुमार सिंह, गोरखपुर एवं 7. 1059/धरणीधर दुबे, सेफ सिटी परियोजना, लखनऊ।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अप्रैल–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 06 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी– 1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री अशोक कुमार मिश्र, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अंशधर चतुर्वेदी, रायबरेली, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बालेन्दु भूषण द्विवेदी, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राय चन्द्र गुप्ता, प्रयागराज, 5. प्रधान परिचालक/3321, श्री रविन्द्र कुमार सिंह, सुल्तानपुर एवं 6. प्रधान परिचालक/5836, श्री नागेन्द्र प्रकाश जायसवाल, बलरामपुर।





## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपायः पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। इस हेतु कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले कार्मिकों व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- ऑनलाइन कार्यशालायेंः पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 21.03.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रद्धांजलि

- माह अप्रैल–2022 में झाँसी में नियुक्त संदेशवाहक, गुन्जाल राजेन्द्र जनार्दन का दिनांक 30.04.2022 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री जर्नादन के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग-9)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

- स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो ने एचएफ, वीएचएफ, यूएचएफ आवृत्तियों के वायरलेस सेटों का प्रयोग व्यापक तौर पर किया।

### एचएफ बेतार संचार (For Inter District)

3 से 30 मेगा हर्ट्ज आवृत्ति की विद्युत चुम्बकीय तरंगों के माध्यम से संचार 'स्काई वेव प्रोपेगेशन' कहलाता हैं। इस संचरण में विद्युत चुम्बकीय तरंगे आयनोस्पीयर से परावर्तित होकर वापस पृथ्वी पर लौटती हैं जिससे संचार होता है।

इस प्रणाली में अधिकतम संचार दूरी लगभग 12000 से 15000 किमी0 तक प्राप्त होती है। सामान्यता इस प्रचार का उपयोग शार्ट वेव ब्राडकास्टिंग सेवायें व सरकारी संगठनों में किया जाता है।



### वीएचएफ बेतार संचार (For Intra District)

30 से 300 मेगा हर्ट्ज आवृत्ति की विद्युत चुम्बकीय तरंगे एक सीधी दिशा में संचरित होती हैं। अतः यह संचरण 'लाइन आफ साइट प्रोपेगेशन' कहलाता है। यह संचार पद्धति पुलिस की रीढ़ है। प्रत्येक जनपद में कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल हेतु यही संचार पद्धति प्रयोग की जा रही है। इस प्रणाली में अधिकतम संचार दूरी लगभग 50–60 किमी तक ही प्राप्त हो पाती हैं।



### यूएचएफ बेतार संचार (For Intra District)

यूएचएफ संचार समान्यतः 400 व 800 मेगा हर्ट्ज आवृत्ति बैंड में किया जाता है। आवृत्ति बढ़ने के साथ–साथ तरंगों की तरंगदैर्ध्य कम होती जाती है परिणामस्वरुप संचारित दूरी भी कम हो जाती है। इसलिए यूएचएफ आवृत्तियों का प्रयोग मुख्य रुप से अति–विशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों की ड्यूटी के दौरान संचार व्यवस्था हेतु किया गया।

### तार अधारित संचार संसाधन

- सन् 1984 से शासन/वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनपदीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा हॉट लाइन (डेडीकेटेड टेलीफोन लाईन) का उपयोग किया जाने लगा।
- डेटा प्रेषण हेतु, सन् 1982 से टेलीप्रिन्टर मशीन, सन् 1984 से ऑटोटेक्सट प्रणाली, सन् 1986 से ऑटोमेक्स प्रणाली, सन् 1991 से आर.टी.टी.वाई. प्रणाली, सन् 1993 से पी.सी. ऑटोमेल प्रणाली, सन् 1996 से सुपर ऑटोमैक्स प्रणाली के साथ–साथ सन् 2004 से सेटेलाइट संचार, जिसे पोलनेट के नाम से जाना जाता है, को भी अपनाया गया। सन् 2014 में सीसीटीएनएस नेटवर्क आधारित क्यू–मेल तथा सन् 2018 में यूपी–112 नेटवर्क आधारित पुलिस रेडियो मेल प्रणालियाँ भी अपनायी गयी।

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

### उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रयोग किये गये एचएफ आवृत्ति के वायरलेस सेट व डाटा संचार प्रणालियाँ

| क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष | डेटा संचार की पद्धति | क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष | डेटा संचार की पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HF WS-62 with TPSU | 1956–57 | रेडियो टेलीग्राफी (मोस कोड) | 22 | HF 100W SSB HS-409 | 1980–81 | –तदैव– |
| 2 | HF RU-536 | 1958–59 | –तदैव– | 23 | MHS-117 BEL | 1981–82 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 3 | HF SAFI | 1960–61 | –तदैव– | 24 | TP MACHINE | 1982 | डाटा संचार |
| 4 | HF ER-195 | 1961–62 | –तदैव– | 25 | HF HS-219C | 1983–84 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 5 | HF RFT | 1964–65 | –तदैव– | 26 | AUTOTEXT MACHINE | 1984 | डाटा संचार |
| 6 | BENDIX TX TA-12-D | 1965 | –तदैव– | 27 | AUTOMEX SYSTEM | 1986 | डाटा संचार |
| 7 | TX TA-2J-24 | 1965 | –तदैव– | 28 | HF FRG-800 | 1987–88 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 8 | BENDIX RX RA-1B | 1965 | –तदैव– | 29 | HF R-280A | 1987–88 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 9 | AC REDIX RX CRV-46151 | 1965 | –तदैव– | 30 | RTTY (Radio Telephony Type) SYSTEM | 1991 | डाटा संचार |
| 10 | TX TA 12G | 1965 | –तदैव– | 31 | HF FT-757 GX-11 | 1991–92 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 11 | QTX | 1965 | –तदैव– | 32 | PC Automail | 1993 | डाटा संचार |
| 12 | TX BC-610E | 1965 | –तदैव– | 33 | SUPER AUTOMEX SYSTEM | 1996 | डाटा संचार |
| 13 | RX BC-357 | 1965 | –तदैव– | 34 | JSB-161 | 1995–96 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 14 | TX, RX BC-800AM | 1965 | –तदैव– | 35 | BARRETT 530-L | 1996–97 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 15 | RX R-25 | 1965 | –तदैव– | 36 | HF SYSTEM-600 | 2002–03 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 16 | HF RACAL RX RA-17LB | 1966–67 | –तदैव– | 37 | POLNET SYSTEM | 2003–04 | डाटा संचार |
| 17 | HF HM-30 | 1966–67 | रेडियो टेलीग्राफी/टेलीफोनी | 38 | HF KENWOOD TK-80 | 2004–05 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 18 | HF 100 W SSB TI-515SSB | 1971–72 | –तदैव– | 39 | HF KENWOOD TK-90 | 2012–13 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 19 | HF RG-2003 | 1971–72 | –तदैव– | 40 | HF ICOM IC F-7000 | 2013–14 | रेडियो टेलीग्राफी |
| 20 | HF GE-524 | 1972–73 | –तदैव– | 41 | Q-Mail System (CCTNS) | 2014 | डाटा संचार |
| 21 | HF SSB-CS-966 | 1978–79 | –तदैव– | 42 | Police Radio Mail | 2018 | डाटा संचार |

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।